# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 12/11/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** पहले, दूसरे और तीसरे प्रेक्षणों का औसत 39 है, जबकि दूसरे, तीसरे और चौथे प्रेक्षणों का औसत 35 है। यदि चौथा प्रेक्षण, पहले प्रेक्षण का $\frac{3}{5}$ गुना है, तो चौथे प्रेक्षण का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 18 B). 27 C). 36 D). 45 **Correct Answer: A**

**Q.2** 16 महिलाएं एक काम को 20 दिन में पूरा कर सकती हैं और 20 पुरुष उसी काम को 32 दिन में पूरा करते हैं। 8 महिलाएं और 16 पुरुष कितने दिनों में उस काम को पूरा करेंगे?

**Ans** A). 10 B). 16 C). 32 D). 20 **Correct Answer: D**

**Q.3** एक माँ और उसकी पुत्री की औसत आयु 42 वर्ष है। उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 9 : 5 है। पुत्री की आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 B). 20 C). 35 D). 30 **Correct Answer: D**

**Q.4** A की आय और व्यय का अनुपात 5 : 4 है। यदि उसकी कुल बचत ₹56,000 है, तो उसका व्यय (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 2,44,000 B). 4,42,000 C). 2,24,000 D). 2,42,000 **Correct Answer: C**

**Q.5** एक दुकानदार एक वस्तु का मूल्य उसके वास्तविक क्रय मूल्य से ₹37,000 अधिक अंकित करता है। यदि दुकानदार 20% की छूट देने की बजाय 15% की छूट देता है, तो उसे ₹ 7,500 अधिक मिलते हैं। क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹1,13,000 B). ₹1,50,000 C). ₹1,23,000 D). ₹1,31,000 **Correct Answer: A**

**Q.6** यदि 20% पानी वाले 5 लीटर सिरके को 5% पानी वाले 10 लीटर सिरके के साथ मिलाया जाए, तो नए सिरके के मिश्रण का कितना प्रतिशत पानी है?

**Ans** A). 20% B). 11.11% C). 10% D). 15% **Correct Answer: C**

**Q.7** 12 cm त्रिज्या वाले एक ठोस गोले को पिघलाकर छोटी-छोटी गोलाकार गेंदें बनाई गई हैं, जिनमें से प्रत्येक का व्यास 2.4 cm है। इस प्रकार निर्मित गेंदों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1000 B). 980 C). 1050 D). 500 **Correct Answer: A**

**Q.8** यदि किसी मकान का क्रय मूल्य इसके विक्रय मूल्य का 86% है, तो लाभ प्रतिशत क्या है, दशमलव के दो स्थान तक सही?

**Ans** A). 14.07% B). 16.27% C). 13.22% D). 11.17% **Correct Answer: B**

**Q.9** 2 वर्षों के लिए 3% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 90 B). 150 C). 110 D). 190 **Correct Answer: B**

**Q.10** A, X से 9:00 A.M. पर चलना आरंभ करता है और 1:00 P.M. पर Y तक पहुँचता है, उसी दिन B भी Y से 9:00 A.M. पर चलना आरंभ करता है और उसी दिन 3:00 P.M. पर X तक पहुँचता है और A के समान रास्ते की ओर ही जाता है। दोनों किस समय पर मिलते हैं?

**Ans** A). 11:12 A.M. B). 11:30 A.M. C). 11:24 A.M. D). 10:00 A.M. **Correct Answer: C**

**Q.11** 24 cm व्यास के एक गोले से प्रत्येक 4 cm व्यास की कितनी सीसे की गेंदें बनाई जा सकती हैं?

**Ans** A). 216 B). 108 C). 432 D). 144


**Correct Answer: A**

**Q.12** यदि चावल के मूल्य में 10% की कमी की वजह से एक व्यक्ति ₹250 में 22 kg अधिक चावल खरीद पाता है, तो प्रति kg चावल का वास्तविक मूल्य ________ है। (दशमलव के दो स्थान तक सन्निकटित)

**Ans** A). ₹1.22 B). ₹1.20 C). ₹1.26 D). ₹1.24

**Correct Answer: C**

**Q.13** दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिया गया बार ग्राफ दो क्रमागत वर्षों, 2021 और 2022 में एक निर्माता की पांच शाखाओं से खिलौनों की बिक्री (हजारों में) को दर्शाता है।




2021 और 2022 में सभी पांच शाखाओं की औसत बिक्री (हजारों में) के बीच कितना अंतर है?

**Ans** A). 18.4 B). 17.4 C). 15.4 D). 16.4

**Correct Answer: B**

**Q.14** 28, 35 और 42 का महत्तम समापवर्तक (HCF) क्या है?

**Ans** A). 5 B). 3 C). 7 D). 11

**Correct Answer: C**

**Q.15** कितनी धनराशि (₹ में) पर $1\frac{1}{2}$% वार्षिक दर से 4 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹75 प्राप्त होगा?

**Ans** A). 1,240 B). 1,200 C). 1,210 D). 1,250

**Correct Answer: D**

**Q.16** एक आदमी साइकिल से कुल 100 km की दूरी तय करता है। पहले 2 घंटे में, उसकी चाल 20 km/h थी और शेष यात्रा में, उसकी चाल घटकर 10 km/h हो गई। उसकी औसत चाल ज्ञात करें।

**Ans** A). 13 km/h B). $12\frac{1}{2}$ km/h C). $15\frac{1}{8}$ km/h D). 20 km/h

**Correct Answer: B**

**Q.17** 6 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1040 B). 1020 C). 1080 D). 1120

**Correct Answer: C**

**Q.18** एक व्यक्ति धारा के अनुकूल 27 km और धारा के प्रतिकूल 18 km तक नाव चलाता है, जिसमें प्रत्येक बार उसे एक घंटा लगता है। धारा की चाल क्या है?

**Ans** A). 1.5 km/h B). 4.5 km/h C). 6 km/h D). 9 km/h

**Correct Answer: B**

Q.19 किसी शंकु के आधार की परिधि 66 cm है और इसकी ऊँचाई 20 cm है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 3087 cu.cm B). 2000 cu.cm C). 2310 cu.cm D). 465 cu.cm

Correct Answer: C

Q.20 नीचे दी गई तालिका एक कंपनी द्वारा चार महीनों के दौरान अलग-अलग प्रकार के स्कूटरों X, Y, Z और T के उत्पादन को दर्शाती है।

| स्कूटरों के प्रकार/महीने | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल |
|---|---|---|---|---|
| X | 45 | 55 | 28 | 35 |
| Y | 75 | 47 | 58 | 26 |
| Z | 86 | 27 | 73 | 51 |
| T | 74 | 32 | 29 | 69 |
| **कुल** | **280** | **161** | **188** | **181** |

कंपनी ने किस महीने में न्यूनतम संख्या में स्कूटरों का उत्पादन किया?

Ans A). फरवरी B). अप्रैल C). मार्च D). जनवरी

Correct Answer: A

Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

Q.1 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। B, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। G, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E, G के ठीक दाईं ओर बैठा है। E के बाईं ओर से गिनती करने पर E और C के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। यदि सभी व्यक्तियों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में वामावर्त दिशा (anti-clockwise) में, A से शुरू करके और A के स्थान को अपरिवर्तित रखते हुए व्यवस्थित किया जाए, तो A को छोड़कर कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). दो B). एक C). किसी का भी नहीं D). तीन

Correct Answer: B

Q.2 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर WGQA किसी निश्चित प्रकार से XHRB से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार HRBL, ISCM से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GQAK निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). HRBM B). HTBM C). HRBL D). HRKM

Correct Answer: C

Q.3 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
सभी बिल्लियाँ, कुत्ते हैं।
कोई भी बिल्ली, घोड़ा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी कुत्ता, घोड़ा नहीं है।
(II): कोई भी घोड़ा, बिल्ली नहीं है।


Ans A). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।


Correct Answer: A


**Q.4** कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.5** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, KINL किसी प्रकार से QOTR से संबंधित है। NLQO उसी प्रकार से TRWU से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, PNSQ निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). VTWY B). TVYW C). VTYW D). TVWY

**Correct Answer: C**

---

**Q.6** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 9, 37 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 3, 13 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 8 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 33 B). 31 C). 29 D). 35

**Correct Answer: A**

---

**Q.7** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कोई पलंग, कुर्सी नहीं है।
कोई कुर्सी, मेज़ नहीं है।


निष्कर्ष:
(I) कोई पलंग, मेज़ नहीं है।
(II) कुछ मेज़ें, कुर्सियाँ हो सकती हैं।


**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
D). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**Correct Answer: D**

---

**Q.8** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.9** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 45, 85 से संबंधित है। ठीक उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 63, 121 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 58 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 106 B). 111 C). 116 D). 101

**Correct Answer: B**

Q.10 निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?


(16÷ 4) × 6 + 26 −48 + 9× 8 = 154

(नोट: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)


Ans A). 16 और 48 B). 4 और 8 C). 26 और 48 D). 6 और 9


Correct Answer: A


Q.11 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: D

Q.12 एक निश्चित कूट भाषा में, 'KIDS' को '97&5' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'DESK' को 'R759' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'E' का कूट क्या होगा?

Ans A). 5 B). R C). 7 D). 9

Correct Answer: B

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AAA, BCD, CEG, DGJ, ?

Ans A). EIM B). FIK C). EHN D). FGK

Correct Answer: A

Q.14 एक निश्चित कूट भाषा में, 'please fill this' को 'km tu dk' के रूप में लिखा जाता है और 'this is book' को 'dk pu sy' के रूप में लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'this' को कैसे लिखा गया है?

Ans A). py B). tu C). km D). dk

Correct Answer: D

Q.15 A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। A, उस D के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो E के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, उस G के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है, जो E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B, G के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।
C के सापेक्ष में B का स्थान क्या है?

Ans A). ठीक दाएँ B). दाएँ से दूसरा C). ठीक बाएँ D). बाएँ से दूसरा

Correct Answer: C

Q.16 एक निश्चित कूट भाषा में, 'COAT' को '3571' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PAIN' को '4238' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 7 B). 8 C). 3 D). 2

Correct Answer: C

Q.17 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

13, 26, 39, 52, 65, ?

Ans A). 77 B). 80 C). 79 D). 78


Correct Answer: D

Q.18 निम्नलिखित समीकरण में, यदि '+' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '–' को आपस में बदल दिया जाए, तो प्रश्न चिह्न ('?') के स्थान पर क्या आएगा?
18 × 72 – 3 ÷ 2 + 11 = ?


Ans A). 31 B). 32 C). 20 D). 24


Correct Answer: C


**Q.19** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: C**

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BLAME' को 'YOZNV' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GLAZE' को 'TOZAV' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'PRAKASH' के लिए क्या कूट होगा?

**Ans** A). KIZPZHS B). KIZPZHT C). KIZQZHS D). KJZPZHS

**Correct Answer: A**

## Section : General Awareness

**Q.1** निम्नलिखित भारतीय नेताओं में से कौन ब्रिटिश संसद के लिए निर्वाचित होने वाले प्रथम सदस्य थे?

**Ans** A). दादाभाई नौरोजी B). मोतीलाल नेहरू C). भीकाजी कामा D). लाला हरदयाल

**Correct Answer: A**

**Q.2** SEWA सहकारी बैंक को पहली बार ________ में वर्ष ________ में शुरू किया गया था।

**Ans** A). अहमदाबाद; 1984 B). वाराणसी; 1974 C). वाराणसी; 1984 D). अहमदाबाद; 1974

**Correct Answer: D**

**Q.3** भारत में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (International Olympic Committee - IOC) के 141वें सत्र का उद्घाटन किस शहर में किया गया?

**Ans** A). प्रयागराज B). चेन्नई C). दिल्ली D). मुंबई

**Correct Answer: D**

**Q.4** अगस्त 1765 में, निम्नलिखित में से किसने अवध के नवाब और मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय के साथ इलाहाबाद की संधि पर हस्ताक्षर किए थे?

**Ans** A). रॉबर्ट क्लाइव (Robert Clive) B). अर्ल माउंटबेटन (Earl Mountbatten) C). वारेन हेस्टिंग्स (Warren Hastings) D). विलियम बेंटिक (William Bentick)

**Correct Answer: A**

**Q.5** निम्नलिखित में से जीवों का कौन-सा समूह, समुद्र के अम्लीकरण के प्रति अधिक संवेदनशील होता है?

**Ans** A). कैल्सीफाइंग जीव (Calcifying organisms) B). समुद्री काई (Marine algae) C). समुद्री सरीसृप (Marine reptiles) D). समुद्री स्तनधारी (Marine mammals)

**Correct Answer: A**

**Q.6** स्वस्थ और रोगमुक्त रहने के लिए संतुलित आहार लेना बहुत आवश्यक है। संतुलित आहार क्या है?

**Ans** A). ऐसा आहार जिसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन और खनिज हों B). ऐसा आहार जिसमें पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट हों C). ऐसा आहार जिसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और वसा हो D). ऐसा आहार जिसमें मानव शरीर के समुचित विकास के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्त्व पर्याप्त मात्रा में हों

**Correct Answer: D**

**Q.7** डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम (DY Patil Cricket Stadium) किस भारतीय शहर में स्थित है?

**Ans** A). पुणे B). नासिक C). नवी मुंबई D). औरंगाबाद

**Correct Answer: C**

**Q.8** गुरु इंदिरा पीपी बोरा (Guru Indira PP Bora) को किस वर्ष पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हुआ?

**Ans** A). 2019 B). 2021 C). 2020 D). 2018

**Correct Answer: C**

**Q.9** तालचेर थर्मल पावर स्टेशन (Talcher Thermal Power Station) किस राज्य में स्थित है?

**Ans** A). राजस्थान B). ओडिशा C). आंध्र प्रदेश D). बिहार

**Correct Answer: B**

**Q.10** **निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली का विकास सिद्धेंद्र योगी (Siddhendra Yogi) ने किया था?**

**Ans** A). डांडिया B). कथकली C). कुचिपुड़ी D). कथक

**Correct Answer: C**

**Q.11** **निम्नलिखित में से कौन-सी आत्मकथा पूर्व भारतीय न्यायाधीश लीला सेठ (Leila Seth) द्वारा लिखी गई है?**

**Ans** A). ऑन बैलेंस: एन ऑटोबायोग्राफी (On Balance: An Autobiography)

B). चैलेंजेस ऑफ़ गवर्नेंस: एन इनसाइडर्स व्यू (Challenges of Governance: An Insider's View)

C). जस्टिस फॉर द जज: एन ऑटोबायोग्राफी (Justice for the Judge: An Autobiography)

D). इन परसूट ऑफ़ जस्टिस: एन ऑटोबायोग्राफी (In Pursuit of Justice: An Autobiography)

**Correct Answer: A**

**Q.12** **निम्नलिखित में से किस बहमनी राजा द्वारा महमूद गवाँ (Mahmud Gawan) को 'व्यापारियों के प्रमुख' या 'मलक उत-तुज्जर (Malikut-Tujjar)' की उपाधि दी गई थी?**

**Ans** A). मुहम्मद शाह B). निज़ामुद्दीन अहमद तृतीय C). हुमायूँ शाह D). बहमन शाह

**Correct Answer: C**

**Q.13** **भारतीय शास्त्रीय गायिका केसरबाई केरकर (Kesarbai Kerkar) निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित हैं?**

**Ans** A). जयपुर-अतरौली घराना B). बनारस घराना C). आगरा घराना D). दिल्ली घराना

**Correct Answer: A**

**Q.14** **केंद्रीय बजट 2023 में पेश किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का लक्ष्य वर्ष ______________ तक सिकल सेल आनुवंशिक संचरण (sickle cell genetic transmission) को खत्म करना है।**

**Ans** A). 2040 B). 2045 C). 2047 D). 2049

**Correct Answer: C**

**Q.15** **निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वोत्तर रेलवे का जोनल मुख्यालय (zonal headquarter) है?**

**Ans** A). गोरखपुर B). इलाहाबाद C). हुबली D). कोलकाता

**Correct Answer: A**

**Q.16** **गोवा का कामाक्षी संस्थान (Kamakshi Saunsthan) मंदिर _________ दो मंजिला टॉवर से सुसज्जित है और इसके शिखर पर एक स्वर्ण कलश (golden Kalash) स्थापित है।**

**Ans** A). गोलाकार (circular) B). अष्टभुजाकार (octagonal) C). पंचभुजीय (pentagonal) D). षट्कोणीय (hexagonal)

**Correct Answer: B**

**Q.17** **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद विधान परिषद (Legislative Council) की संरचना से संबंधित है?**

**Ans** A). अनुच्छेद 181 B). अनुच्छेद 169 C). अनुच्छेद 171 D). अनुच्छेद 168

**Correct Answer: C**

**Q.18** **फरवरी 2023 में, किस भारतीय-अमेरिकी को यूट्यूब (YouTube) का सीईओ (CEO) नियुक्त किया गया?**

**Ans** A). नील मोहन B). सत्या नडेला C). अंजलि सूद D). विवेक रामास्वामी

**Correct Answer: A**

**Q.19** **आनंद पैगोडा (Ananda Pagoda), भारत के किस पड़ोसी देश का प्रसिद्ध त्योहार है?**

**Ans** A). म्यांमार B). मालदीव C). पाकिस्तान D). अफगानिस्तान

**Correct Answer: A**

**Q.20** **निम्नलिखित में से किस प्रधान मंत्री के नेतृत्व में मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में शामिल किया गया था?**

**Ans** A). इंदिरा गांधी B). जवाहर लाल नेहरू C). लाल बहादुर शास्त्री D). अटल बिहारी वाजपेयी

**Correct Answer: A**

**Q.21** **2015 में शुरु की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) का उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को ______ लाख तक का ऋण प्रदान करना है।**

**Ans** A). 5 B). 10 C). 8 D). 2

**Correct Answer: B**

**Q.22** **वर्तमान रूप में उपलब्ध जैन धर्म की शिक्षाओं का लिखित रूप लगभग 1500 वर्ष पूर्व निम्नलिखित में से किस स्थान पर लिखा गया था?**

**Ans** A). मथुरा (Mathura) B). वल्लभी (Valabhi) C). पाटलिपुत्र (Pataliputra) D). श्रवणबेलगोला (Shravanabelagola)

**Correct Answer: B**

**Q.23** **कॉलम का मिलान करें।**

**कॉलम A (पोषक तत्त्व) कॉलम B (स्रोत)**
**i. प्रोटीन युक्त आहार a. ग्लूकोज और अन्य शर्करा**
**ii. वसा युक्त आहार b. खट्टे फल**
**iii. कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार c. अंडे का सफेद भाग और लाल माँस**
**iv. विटामिन C युक्त आहार d. मक्खन एवं चीज**

**Ans** A). i-c, ii-a, iii-b, iv-d B). i-d, ii-c, iii-b, iv-a C). i-c, ii-d, iii-b, iv-a D). i-c, ii-d, iii-a, iv-b

**Correct Answer: D**

**Q.24** 2023 के भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह में किस देश के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि थे?

**Ans** A). लेबनान B). सूडान C). मिस्र D). मोरक्को **Correct Answer: C**

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व आवर्त सारणी के समूह 18 में स्थित है और रासायनिक रूप से कम अभिक्रियाशील होने के लिए जाना जाता है?

**Ans** A). क्लोरीन B). फ्लोरीन C). ऑक्सीजन D). हीलियम **Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate option to fill in the blank.

**While the stock market experiences volatility, financial analysts ________________ market trends and provide investment advice.**

**Ans** A). monitor B). have monitored C). were monitored D). monitored **Correct Answer: A**

**Q.2** Select the INCORRECTLY spelt word..

**Ans** A). Taciturn B). Outsource C). Particulate D). Stubbal **Correct Answer: D**

**Q.3** Select the correct spelling of the underlined word in the given sentence.

**Sometimes, the nicknames of children, given to them by their loved ones in childhood, give them a true sense of <u>embarresment,</u> especially when they are called by those names in front of others.**

**Ans** A). embrrassment B). embarresmint C). emberressment D). embarrassment **Correct Answer: D**

**Q.4** Select the most appropriate ANTONYM of the highlighted word in the given sentence.
**The company faced a downturn in profits due to economic uncertainties.**

**Ans** A). Surge B). Plunge C). Recession D). Decline **Correct Answer: A**

**Q.5** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

I have made / the cupcakes, so / please hand out them / to me.

A B C D

**Ans** A). C B). D C). A D). B **Correct Answer: A**

**Q.6** Select the most appropriate synonym of the given word.
**Entangle**

**Ans** A). Enlarge B). Intrude C). Engross D). Trap **Correct Answer: D**

**Q.7** Select the most appropriate option to fill in the blank.

**I am thinking about colouring my __________.**

**Ans** A). heir B). air C). hair D). hare **Correct Answer: C**

**Q.8** The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

**After school, we / went home and / told our respective parents / off the incident.**

**Ans** A). off the incident B). After school, we C). went home and D). told our respective parents **Correct Answer: A**

**Q.9** Select the meaningful and correctly spelt word from the given options to fill in the blank.

**Regular physical exercise improves cardiovascular health, reducing the risk of heart disease and ______________.**

**Ans** A). strike B). stock C). struck D). stroke **Correct Answer: D**

**Q.10** Select the most appropriate expression that can substitute the underlined words in the given sentence.
**The watchman <u>tried every possible way</u> to catch the thief of the hostel.**

**Ans** A). cut the cackle B). explored every avenue C). arrived at the eleventh hour D). called it a day **Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word(s) in the given sentence.**

**One must not be proud of his achievements.**

**Ans** A). off his achievements B). by his achievements C). of one's achievements D). for one's achievements **Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**After the long and tedious project, Sarah felt like she was at the limit of her patience.**

**Ans** A). finishing line B). tip of the iceberg C). end of her rope D). crossroads **Correct Answer: C**

**Q.13** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**She speaks / so soft that / hardly anyone / can hear her.**

**Ans** A). can hear her B). so soft that C). She speaks D). hardly anyone **Correct Answer: B**

**Q.14** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**We never expected most from her.**

**Ans** A). little B). more C). many D). much **Correct Answer: D**

**Q.15** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**spontaneous**

**Ans** A). separate B). dirty C). scarce D). deliberate **Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

**My manager thanked the staff for there continued dedication and support.**

**Ans** A). for there continuous B). for they're continued C). for their continued D). No substitution required **Correct Answer: C**

**Q.17** **Select the grammatically correct sentence from the given options.**

**Ans** A). Since yesterday, the policeman had been waiting for the woman to take a details of a case.
B). Since yesterday, a policeman had been waiting for a woman to take the details of the case.
C). Since yesterday, the policeman had been waiting for a woman to take a details of the case.
D). Since yesterday, the policeman had been waiting for the woman to take the details of the case. **Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**

**Ritu was still standing in the queue when the film was starting.**

**Ans** A). film begins B). film started C). film starts D). film had began **Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**I concur with the decision of our principal, when he says that students who display indiscipline should be dismissed from the institute irrespective of their academic achievements.**

**Ans** A). credit B). coincide C). promote D). differ **Correct Answer: D**

**Q.20** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**To look black**

**Ans** A). To give an approving expression B). To cry bitterly C). To seem unfavourable D). To roll on ice **Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Westminster Abbey's 1.__________ was one of Edward the Confessor's greatest accomplishments as king of England from 1042 to 1066. Edward was King Ethelred's son and he had a lot of pressure as his father was known to be an incompetent ruler. The Danes drove Edward from England, and he lived in exile in Normandy. According to legend, Edward promised that if he could make it back to his realm in safety, he would travel to St. Peter's in Rome. Upon his return and 2._______ in Winchester in 1042, he discovered that he could not abandon his subjects. He was freed from his pledge by the Pope, but only if he established or 3.____________ a monastery dedicated to St. Peter. As a result, Westminster Abbey was constructed in the Norman 4.__________. He believed that London was not the 5.__________ place to built the Minster. Hence, a location known as 'Westminster' was discovered to be to the west of the metropolis.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). geometry B). construction C). configuration D). arrangement

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Westminster Abbey's 1.__________ was one of Edward the Confessor's greatest accomplishments as king of England from 1042 to 1066. Edward was King Ethelred's son and he had a lot of pressure as his father was known to be an incompetent ruler. The Danes drove Edward from England, and he lived in exile in Normandy. According to legend, Edward promised that if he could make it back to his realm in safety, he would travel to St. Peter's in Rome. Upon his return and 2._______ in Winchester in 1042, he discovered that he could not abandon his subjects. He was freed from his pledge by the Pope, but only if he established or 3.____________ a monastery dedicated to St. Peter. As a result, Westminster Abbey was constructed in the Norman 4.__________. He believed that London was not the 5.__________ place to built the Minster. Hence, a location known as 'Westminster' was discovered to be to the west of the metropolis.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). inauguration B). dethronement C). coronation D). personification

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Westminster Abbey's 1.__________ was one of Edward the Confessor's greatest accomplishments as king of England from 1042 to 1066. Edward was King Ethelred's son and he had a lot of pressure as his father was known to be an incompetent ruler. The Danes drove Edward from England, and he lived in exile in Normandy. According to legend, Edward promised that if he could make it back to his realm in safety, he would travel to St. Peter's in Rome. Upon his return and 2._______ in Winchester in 1042, he discovered that he could not abandon his subjects. He was freed from his pledge by the Pope, but only if he established or 3.____________ a monastery dedicated to St. Peter. As a result, Westminster Abbey was constructed in the Norman 4.__________. He believed that London was not the 5.__________ place to built the Minster. Hence, a location known as 'Westminster' was discovered to be to the west of the metropolis.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). fix B). renovation C). update D). decorate

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Westminster Abbey's 1.__________ was one of Edward the Confessor's greatest accomplishments as king of England from 1042 to 1066. Edward was King Ethelred's son and he had a lot of pressure as his father was known to be an incompetent ruler. The Danes drove Edward from England, and he lived in exile in Normandy. According to legend, Edward promised that if he could make it back to his realm in safety, he would travel to St. Peter's in Rome. Upon his return and 2._______ in Winchester in 1042, he discovered that he could not abandon his subjects. He was freed from his pledge by the Pope, but only if he established or 3.____________ a monastery dedicated to St. Peter. As a result, Westminster Abbey was constructed in the Norman 4.__________. He believed that London was not the 5.__________ place to built the Minster. Hence, a location known as 'Westminster' was discovered to be to the west of the metropolis.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). designate B). dub C). label D). style

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Westminster Abbey's 1.__________ was one of Edward the Confessor's greatest accomplishments as king of England from 1042 to 1066. Edward was King Ethelred's son and he had a lot of pressure as his father was known to be an incompetent ruler. The Danes drove Edward from England, and he lived in exile in Normandy. According to legend, Edward promised that if he could make it back to his realm in safety, he would travel to St. Peter's in Rome. Upon his return and 2._______ in Winchester in 1042, he discovered that he could not abandon his subjects. He was freed from his pledge by the Pope, but only if he established or 3.____________ a monastery dedicated to St. Peter. As a result, Westminster Abbey was constructed in the Norman 4.__________. He believed that London was not the 5.__________ place to built the Minster. Hence, a location known as 'Westminster' was discovered to be to the west of the metropolis.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). appropriate B). annex C). seize D). allot

**Correct Answer: A**